संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 18 | मेरठ, मंगलवार, 25 अगस्त 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

## राहुल गांधी ने देश की विरासत का किया अपमान : योगी

### मुख्यमंत्री योगी ने अवध के नायकों को दी श्रंद्धाजलि, राना बेनी माधव बख्श सिंह सभागार का लोकार्पण किया, डाक टिकट किया जारी

» एजेंसी । रायबरेली



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रायबरेली में राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हमारी विरासत का अपमान कर रहे हैं और युवाओं को गलत दिशा में ले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को रायबरेली में राना बेनी माधव बख्श सिंह की 222वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भाव समर्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राहुल गांधी से देश अब कोई अपेक्षा नहीं करता लेकिन नेता प्रतिपक्ष के नाते उनकी कोई जिम्मेदारी है। बावजूद इसके वह यूपी के बाहर प्रदेश का अपमान करते हैं। देश के बाहर देश का अपमान करते हैं। उनको अपनी विरासत को अपमानित करने का कोई हक नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल को शतपथ ब्राम्हण और मत्स्य पुराण पढ़नी चाहिए। ताकि उनको समझ आ जाए कि हमारे ग्रंथ व विरासत में क्या है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली में केवल एक परिवार के नाम पर संस्थाओं के नामकरण हुए। शहीदों को भुला दिया गया। अब प्रदेश सरकार अपने शहीदों, नायकों को याद कर रही है। उन्होंने अयोध्या में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के दावत पर तंज कसते हुए कहा कि यह सनातन का अपमान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें अपनी विरासत को पहचानना होगा। उस पर गर्व करने की जरूरत है। ताकि हम अपनी समृद्ध परंपरा और इतिहास को जान सकें।

योगी आदित्यनाथ ने इसके पहले 25 करोड़ की लागत से बने सभागार का लोकार्पण किया व शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने डाक विभाग द्वारा राना बेनी माधव सिंह पर जारी विशेष आवरण को जारी किया। राना बेनी माधव सिंह स्मारक समिति द्वारा अवध केसरी का विमोचन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, मंत्री राकेश सचान, मंत्री मनोज पांडे, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, विधायक अदिति सिंह, अशोक कोरी, एमएलसी उमेश द्विवेदी, अवनीश सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे।

इसके बाद रायबरेली के फ़िरोज गांधी डिग्री कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायबरेली के विकास के लिए 879 करोड़ रुपये से अधिक की 346 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसमें वह 624 करोड़ रुपये की 185 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, जबकि 277 करोड़ रुपये की 162 नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

मुख्यमंत्री रायबरेली में सपेरा समुदाय व अन्य आवास विहीन 60 से अधिक परिवारों को आवासीय पट्टे का आवंटन पत्र लाभार्थियों को सौंपेंगे। इसके साथ ही अन्य योजनाओं के लाभार्थियों के खाते मे 19 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी आयुष्मान कार्ड, लैपटॉप, स्वीकृति पत्र व चाबी आदि प्रदान करेंगे।

### सपा-कांग्रेस गठबंधन का दोहरा चरित्र जनता के सामने बेनकाब

» एजेंसी । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी ने सपा-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि नारी सम्मान और सनातन संस्कृति की बात करने वाले विपक्षी दलों का दोहरा चरित्र अब जनता के सामने पूरी तरह उजागर हो चुका है। अयोध्या में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के अभिनंदन में कथित 'मछली भोज' से सनातनी भावनाओं का उपहास किया गया, वहीं सपा के नेता शायान मसूद पर अपनी पत्नी के साथ कथित मारपीट और बर्बरता जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान केवल मंचों से भाषण देने का विषय नहीं बल्कि आचरण में दिखाई देना चाहिए। आधी आबादी के सम्मान की बात करने वाले सपा नेतृत्व को अपने ही दल के नेता पर लगे गंभीर आरोपों पर जवाब देना चाहिए।

## परिसीमन और जनगणना के पीछे छिप रही सरकार, खानपान खुद की पसंद पर निर्भर : पवन खेड़ा

» एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य पवन खेड़ा ने सोमवार को दिल्ली में कई अहम मुद्दों पर केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने अयोध्या में मछली भोज विवाद, महिला आरक्षण, एनएसए अजित डोभाल के चीन दौरे और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के अमेरिका दौरे को रद्द करने के मामले पर अपनी बात रखी।

अयोध्या में कांग्रेस के यूपी अध्यक्ष अजय राय के स्वागत के दौरान हुए मछली भोज पर पवन खेड़ा ने कहा कि जिस निषाद जी ने



इस कार्यक्रम की मेजबानी की है, वह हाल ही में भाजपा से आए हैं। अगर कोई अपने घर या कार्यक्रम में किसी को बुलाता है तो क्या आप तय करेंगे कि क्या पकाना है और क्या नहीं? उन्होंने कहा, "अजय राय शाकाहारी हैं, वो अलग बात है। किसी को भी ये हक नहीं होना चाहिए कि कोई क्या खाएगा और क्या नहीं खाएगा। लेकिन अगर निषाद समुदाय मछली नहीं खाएगा तो क्या आरएसएस तय करेगा कि निषाद समुदाय को क्या और कब खाना चाहिए? वो खुद को समझते क्या हैं? हम आज तक नहीं समझ पाए कि ये कौन होते हैं यह तय करने वाले कि मुसलमान हिजाब पहनें या निषाद मछली खाएं। आप होते कौन हैं और क्यों? इसीलिए राहुल गांधी बार-बार आरएसएस को निशाना बनाते हैं और कहते हैं कि वे सबकी निजी जिंदगी में घुसकर यह तय करना चाहते हैं कि कौन क्या खाए, कब खाए, क्या पहने और कौन सी भाषा बोले। यह नहीं चल सकता।"

इस मामले पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि पूरे भाजपा के लोग होटल खोले हुए हैं और मछली खा रहे हैं। ये सब बकवास की बातें हैं। भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी द्वारा कांग्रेस से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के समर्थन की अपील पर पवन खेड़ा ने कहा कि यह बिल 2023 में पास हुआ था। लोकसभा में 20 सितंबर को, राज्यसभा में 21 सितंबर को और राष्ट्रपति ने 24-25 सितंबर के आसपास इसे मंजूरी दी थी।

पवन खेड़ा ने सवाल उठाया, "अगर सरकार गंभीर थी, तो अप्रैल 2026 तक बिल के साथ क्या कर रही थी? एक कानून बना, लेकिन तीन साल तक उसे नोटिफाई तक नहीं होने दिया।

### पीएमएफएमई स्कीम के जरिए सरकार युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने में कर रही मदद

» एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) योजना के जरिए सरकार युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है। इसमें उनके उत्पादों की पहुंच को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक ले जाने के लिए सपोर्ट दिया जाता है। पीएमएफएमई सम्मेलन के साइडलाइन में मीडिया से बातचीत करते हुए पासवान ने कहा कि इस योजना के तहत पैकेजिंग और टेक्निकल दोनों तरह के सपोर्ट प्रदान किए जाते हैं। इसमें एपिडा और ओएनडीसी की भी मदद ली जा रही है। हमने इस योजना में दो लाख लाभार्थी तैयार करने का लक्ष्य रखा था और कुछ हफ्ते पहले ही इस आंकड़े को पार किया है।

उन्होंने आगे कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दृष्टिकोण को




पूरा करती है जिसमें भारत के युवाओं को केवल नौकरी चाहने वालों से आगे बढ़कर नौकरी देने वाले और रोजगार सृजित करने वाले बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्रधानमंत्री ने कई मंचों पर इस बारे में बात की है।

इसके अतिरिक्त पासवान ने कहा कि मखाना मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि मैं बिहार राज्य से आता हूं, जहां देश के अधिकांश मखाने का उत्पादन होता है। पिछले बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से मखाना बोर्ड का गठन करने का फैसला ऐतिहासिक था और इससे बड़ी संख्या में मखाना उत्पादक और इससे जुड़े लोग औपचारिक क्षेत्र का हिस्सा बन पाएंगे।

मखाना बोर्ड भारत में मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक महत्वपूर्ण संस्थागत प्रयास है। इसका मुख्य उद्देश्य मखाना किसानों को बेहतर तकनीक, प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण बीज और बाजार की सुविधा उपलब्ध कराना है। मखाना उत्पादन में बिहार का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए बोर्ड से किसानों और मखाना उद्योग को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है।

इसके माध्यम से मखाने की गुणवत्ता सुधारने, मूल्यवर्धन और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय मखाने की मांग बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### समाज के हर वर्ग को जोड़कर 'विकसित भारत 2047' का सपना पूरा करेंगे : नितिन नवीन

» एजेंसी । नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत पावन माटी कलश 'वंदन एवं वितरण कार्यक्रम' को संबोधित किया और कहा कि समरसता संकल्प अभियान का उद्देश्य संत रविदास जी के सामाजिक समरसता, समानता और निष्काम कर्म के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब और अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। भाजपा का संकल्प है कि समाज के हर वर्ग को जोड़कर 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार किया जाए। संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती को प्रधानमंत्री मोदी की सोच के साथ पूरी पार्टी मना रही है। इस पवित्र अभियान में समाज का हर वर्ग हमारे साथ उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग ले रहा है। मैं यहां उपस्थित सभी लोगों का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा, 29 जुलाई को जब इस पवित्र अभियान की शुरुआत की गई, तो वह दिन गुरु पूर्णिमा का था। गुरु पूर्णिमा के दिन इस कार्यक्रम का आरंभ इसलिए किया गया कि जिस दिन गुरुओं का आशीर्वाद मिलेगा, तभी संत शिरोमणि रविदास की जयंती से जुड़े इस अभियान को गुरुओं के आशीर्वाद से सफलता मिलेगी। जिस प्रकार बनारस के उस कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों से लोग उपस्थित हुए और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं उपस्थित होकर पूरे अभियान में सहभागिता की और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने अभियान की शुरुआत की।

## सम्पादकीय

### राजनीति न करें, सुधार हो मकसद

देश के सरकारी स्कूलों की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। जिस देश में एक लाख स्कूल एक ही शिक्षक के भरोसे चल रहे हों, मूलभूत शैक्षिक सुविधाओं का अभाव हो, वहां पढ़ाई का स्तर क्या होगा, अंदाज लगाना कठिन नहीं है। कुछ स्कूल जर्जर इमारतों में चल रहे हैं, कुछ पेड़ तले व बरामदों में- तो सवाल स्वाभाविक है कि सुधार क्यों नहीं होता? आखिर इन स्कूलों का सुधार हमारे नीति-नियंताओं की प्राथमिकताओं में क्यों नहीं होता? जिस शिक्षा विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों की पूरी फौज तैनात है, उसकी जवाबदेही तय क्यों नहीं होती? अब भले ही सरकारी स्कूलों को सीजेपी ने अपना मुद्दा बना लिया हो, लेकिन इससे पहले ही देश के कई भागों में छात्र स्कूलों में सुधार की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। विडंबना यह है कि इन स्कूलों पर ग्रामीण, समाज के वंचित वर्गों, श्रमिकों व गरीब बच्चों की निर्भरता अधिक होती है, फलतः उनकी आवाज भी अनसुनी कर दी जाती है। यदि नेताओं और अधिकारियों के बच्चों के लिये सरकारी स्कूलों में भर्ती अनिवार्य कर दी जाती तो शायद इन स्कूलों के दिन फिर जाते। सरकारी स्कूलों का सच किसी से छिपा नहीं है। नीति आयोग के हालिया आंकड़े इस सच को अनावृत करते हैं। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक दशक में पूरे देश में 94 हजार सरकारी स्कूल बंद हुए हैं। साथ ही इसी अवधि में सरकारी अनुदान प्राप्त स्कूल भी 83 हजार से घटकर 79 हजार रह गये हैं। स्कूलों में छात्रों के दाखिले में कमी का सिलसिला भी बदस्तूर जारी है। लेकिन वहीं दूसरी ओर मुनाफा कमा रहे निजी स्कूलों का कुनबा लगातार बढ़ ही रहा है। उनकी संख्या अब 2.9 लाख से बढ़कर 3.4 लाख के करीब हो गई है। यह एक हकीकत है कि सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर राजनीतिक दलों की जो फिक्र सामने आ रही है, उसके निहितार्थ समझना कठिन नहीं है। इन दलों की सरकारों के दौरान भी इन स्कूलों की दिशा-दशा में कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आया। चिंता इस बात को लेकर है कि इस मुद्दे पर जो राजनीति हो रही है, कहीं उसके चलते सुधार के विमर्श पर आंच न आए। सही मायने में सरकारी स्कूलों का कायाकल्प होना चाहिए। इसमें शासन, प्रशासन, पक्ष-विपक्ष और नागरिकों की भी अहम भूमिका होनी चाहिए। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि अभिभावकों से मोटी फीस लेने वाले निजी स्कूल क्यों फल-फूल रहे हैं? सरकारी स्कूलों के पास भवन हैं, पर्याप्त जगह है, सम्मानजनक पगार वाले शिक्षक हैं और सरकारी तंत्र का समर्थन है, तो ये स्कूल पनप क्यों नहीं रहे हैं? क्यों सरकारी स्कूलों में पानी, बिजली, बेंच, टेबल व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं? बल्कि सुधारों के बजाय शिक्षकों की नियुक्ति में राजनेताओं की धांधली की खबरें अकसर मीडिया में तैरती रहती हैं।

# रक्षाबंधन पर बहनों की सुरक्षा का 'डिकॉय कवच'

### सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मी तैनात, मनचलों की हर हरकत पर रहेगी पैनी नजर

» संवाददाता



गाजियाबाद। रक्षाबंधन पर्व के दौरान महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने ऑपरेशन डिकॉय शुरू कर दिया है। पुलिस कमिश्नर जे. रविन्दर गौड़ के निर्देश पर सोमवार से कमिश्नरेट के तीनों जोन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एंटी-रोमियो स्क्वाड और मिशन शक्ति केंद्र की टीमें स्कूल-कॉलेज, बाजार, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और अन्य संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी कर रही हैं। महिला पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों के साथ-साथ वर्दी में भी तैनात किया गया है, ताकि महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़, पीछा करने, अश्लील टिप्पणी अथवा किसी अन्य आपत्तिजनक गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

रक्षाबंधन से पहले बाजारों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में खरीदारी के लिए महिलाओं और युवतियों की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है। खासतौर पर स्कूल-कॉलेज की छुट्टी के समय छात्राओं की आवाजाही वाले क्षेत्रों में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सादे कपड़ों में तैनात पुलिसकर्मी आसपास की गतिविधियों पर नजर रखते हुए संदिग्ध युवकों की गतिविधियों की जांच करेंगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि महिलाओं और युवतियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना भी है। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ाने के साथ ही शिकायत मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

ऑपरेशन डिकॉय के दौरान पुलिस की नजर उन युवकों पर भी रहेगी जो महिलाओं या युवतियों का पीछा करते हैं, अश्लील टिप्पणी करते हैं या किसी अन्य तरह की आपत्तिजनक गतिविधि में शामिल पाए जाते हैं। अभियान के तहत अवांछित गतिविधियों में संलिप्त युवकों को चिन्हित किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पहली बार आपत्तिजनक गतिविधि में पकड़े जाने पर जरूरत के अनुसार संबंधित युवक को थाने लाकर चेतावनी दी जा सकती है। दोबारा ऐसी हरकत सामने आने पर उसके खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गंभीर मामलों में गिरफ्तारी कर कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

महिला सुरक्षा अभियान की निगरानी डीसीपी नगर व ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल के साथ एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय और एसीपी महिला अपराध शुचिता सिंह के निर्देशन में की जा रही है। तीनों जोन में एंटी-रोमियो स्क्वाड और मिशन शक्ति की टीमें लगातार भ्रमण कर रही हैं। डीसीपी नगर व ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने बताया कि रक्षाबंधन के मद्देनजर बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई गई है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप में 125 मरीजों की जांच




» संवाददाता

रमाला। चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट बड़ौत एवं बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को किशनपुर बराल में डा. मनीष तोमर ने अपने पिता प्रोफेसर राजपाल सिंह तोमर की स्मृति में हाईवे स्थित ग्रामीण जनसेवा समिति भवन पर निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित मेडिकल कैंप का शुभारंभ सांसद डा. राजकुमार सांगवान ने किया। उन्होंने कहा कि जिले सुविधा युक्त अस्पतालों की जरूरत है।

डॉ मनीष तोमर ने इस जरूरत को पूरा किया है। वह आगे भी बहुत प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह जो भी संभव है। वह काम कर रहे हैं। अभी तक भी जिला बहुत पिछड़ा है। यहां फैक्ट्रियां नहीं है। फैक्ट्रियां लगनी चाहिए जिससे बच्चों को उनके निकट ही नौकरी मिले। ग्रामीण जन सेवा समिति के भवन को लेकर भी उन्होंने समिति के लोगों को उनका सहयोग करने का आश्वासन दिया। डॉ मनीष तोमर ने कहा कि समयस मय पर इस तरह के वह मेडिकल कैंप लगाते रहेंगे। जिन गरीब लोगों को अस्पताल में पहुंचने में परेशानी होती है। उनके पास ही उनका इलाज किया जाएगा।

कैंप में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश कुमार, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण तोमर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शश्या तोमर सहित विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। कैंप में कुल 125 मरीजों का चेकअप किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारी के अनुसार निशुल्क दवाई की गई। इस दौरान प्रो. विनय चौधरी, प्रमोद पंडित,प्रदीप शर्मा, सतेन्द्र मंत्री,अनिल तोमर, जयविन्द सिंह, सतपाल फौजी, सहदेव साद, राजीव तोमर, सुरेशपाल, हरवीर सिंह, यतेन्द्र तोमर, कुलतार सिंह, कपिल, राहुल, आदि मौजूद रहे।

# भाकियू अखंड ने उठाई नगर की समस्या

» संवाददाता

बागपत। भाकियू अखंड ने सोमवार को नगर की समस्याओं को लेकर नगर पालिका में हंगामा कर नारेबाजी की। उनका कहना था कि कई बार मांग करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने समस्याओं का जल्द समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। भाकियू के कार्यकर्ताओं का कहना था कि नगर के वार्ड नंबर 15 में काफी दिनों से पुलिया टूटी पड़ी है,जिसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया टूटने के कारण वहां कभी भी हादसा हो सकता है। नगर में सब्जी मंडी का रास्ता अधूरा छोड़ दिया है, जिसके कारण वहां गंदगी होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने रास्ते का जल्द निर्माण पूरा कराने की मांग की।

नगर के हनुमान मंदिर के पास से रोजाना कूड़ा नहीं उठवाया जा रहा है। गंदगी और बदबू के कारण मोहल्ले के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहना था कि नगर के वार्ड चार में कई माह से वाटरकूलर लगवाने की मांग की जा रही है, मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने पालिका में नारेबाजी कर समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की। साथ ही जल्द ही कोई कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

## योगासन प्रतियोगिता में छात्रों ने 40 पदक झटके

» संवाददाता

गाजियाबाद। राजेंद्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों ने तीन दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 योगासन प्रतियोगिता में 40 पदक झटके। छात्रों ने 11 स्वर्ण, सात रजत और 22 कांस्य पदक हासिल कर अपनी सफलता का परचम लहराया। श्रीराम यूनिवर्सल स्कूल गाजियाबाद में आयोजित प्रतियोगिता का रविवार को समापन। विद्यालय की 15 खिलाड़ियों ने अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के चार-चार इवेंट आयोजित किए गए। शानदार प्रदर्शन के आधार पर स्कूल की 14 खिलाड़ियों का सीबीएसई नेशनल योगासन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

गाजियाबाद। नंदग्राम स्थित क्राइस्ट विश्वविद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही मैक्स हॉस्पिटल के प्रशिक्षकों ने सीपीआर एवं प्राथमिक जीवनरक्षक तकनीकों से संबंधित जानकारी भी दी। विश्वविद्यालय के निदेशक फादर डॉ. विनोद, डीन डॉ. जीन पोलस तथा एसोसिएट डीन डॉ. बॉस्को पॉल की उपस्थिति में आयोजित इस पहल का समन्वय डॉ. वरुणा गुप्ता, डॉ. वंदना, डॉ. श्रीलथा और डॉ. आशीष ने किया।

## जैन मिलन और जैन युवा सम्मेलन का आयोजन

बड़ौत। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या-5 की द्वितीय क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं जैन युवा सम्मेलन का आयोजन जैन मिलन बड़ौत के द्वारा कौशल भवन सभागार में किया गया। जिसमें भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सुरेश रितुराज ने कहा कि शिखर जी और गिरनार जी मे कब्जे का प्रयास कर रहे व्यक्तियो का समाज डटकर विरोध करेगा भारतीय मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर मनोज कुमार ने कहा कि जैन समाज अहिंसक है।

# मूसलाधार बारिश में नगर निगम का 'ऑपरेशन जलनिकासी

» संवाददाता

गाजियाबाद। शहर में सोमवार को हुई तेज बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति से निपटने और जनजीवन को सामान्य बनाए रखने के लिए नगर निगम की टीमें पूरी तरह अलर्ट रहीं। बारिश शुरू होते ही नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर जलकल, स्वास्थ्य और निर्माण विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाल लिया। निगम अधिकारियों और कर्मचारियों ने आवश्यक उपकरणों व डी-वाटरिंग पंप सेट के साथ जलभराव वाले क्षेत्रों में पहुंचकर जल निकासी की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा।

नगर आयुक्त ने स्वयं शहर के कई प्रमुख जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर मौके पर चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तेज बारिश के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति अधिक समय तक न रहे। इसके बाद निगम की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय हो गईं। गोविंदपुरम क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन नाले में जमा कंस्ट्रक्शन वेस्ट को हटवाया गया, जिसके बाद जल निकासी को सुचारू कराया गया। वहीं मालीवाड़ा क्षेत्र में जलभराव की स्थिति को देखते हुए मौके पर पंप सेट लगाकर पानी की निकासी कराई गई।

नगर आयुक्त ने बताया कि बारिश शुरू होते ही जल निकासी की कार्रवाई तत्काल शुरू कर दी जाती है। निगम ने शहर में 55 ऐसे स्थानों को चिह्नित किया है, जिन्हें जलभराव के हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। तेज बारिश के दौरान इन स्थानों पर अस्थायी जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसके लिए पहले से ही आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। शहर में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए नगर निगम की ओर से 68 डी-वाटरिंग पंप सेट लगाए गए हैं। इन पंप सेटों के माध्यम से जलभराव वाले क्षेत्रों में लगातार पानी निकालने की कार्रवाई की गई।

# सीबीएसई नॉर्थ जोन में सुहानी ने जीता स्वर्ण



» संवाददाता

रमाला। क्षेत्र के सूप गांव की होनहार खिलाड़ी सुहानी कश्यप ने सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन नजीबाबाद स्थित मूलचंद एकेडमी में 22 से 25 अगस्त तक किया गया। सुहानी ने अंडर- 17 वर्ग के 35 से 38 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभाग किया। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान गाजियाबाद, उत्तराखंड और मुरादाबाद की खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सुहानी बड़ौत के ग्रोवेल गर्ल्स कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा हैं और जनता वैदिक कॉलेज एकेडमी में ताइक्वांडो का अभ्यास करती हैं। कोच अमित दीक्षित ने बताया कि सुहानी ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक जीतकर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने सुहानी का ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। सुहानी के पिता सतेंद्र कश्यप गांव में व्यवसाय करते हैं। इस दौरान गरिमा प्रधान, मदन, अशोक, सुरेश, रामकुमार, प्रमोद, रूपीन प्रधान, जितेंद्र, विकास, अमित कुमार, ठेकेदार बैन सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईजीआरएस में लापरवाही पर अफसरों का वेतन रुकेगा, होगी कार्रवाई: डीएम

» संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विभागवार शिकायतों की स्थिति, निस्तारण की गुणवत्ता और शिकायतकर्ताओं से मिले फीडबैक की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी विभागीय एवं नोडल अधिकारी प्रतिदिन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्वयं मॉनीटरिंग करें और प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। खराब प्रदर्शन करने वाले कुछ नोडल अधिकारियों पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत विभाग के आईजीआरएस नोडल अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने और शिकायतों के निस्तारण में असंतोषजनक प्रदर्शन पर जवाब-तलब, वेतन बाधित करने तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए पत्र भेजने के निर्देश दिए गए। अन्य अनुपस्थित एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों से भी स्पष्टीकरण मांगने और वेतन बाधित करने को कहा गया।

डीएम ने अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर फीडबैक लेने तथा आवश्यकता के अनुसार मौके पर जाकर शिकायतों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग के आईजीआरएस पोर्टल का संचालन कर शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया भी देखी।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही या शिथिलता के कारण जिले की रैंकिंग प्रभावित हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डॉ. राम प्रसाद, एडीएम प्रशासन विजय वर्धन तोमर, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, डीपीआरओ वीरेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ने जीटीबी को छह रन से हराया

» संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को ऋषभ क्रिकेट एकेडमी और गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी के बीच मुकाबला हुआ। ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ने रोमांचक मुकाबले में जीटीबी को छह रन से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 166 रन बनाए। रियांश ने 39, माधव ने 40, यश ने 38 और रोनक ने 35 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में याहया और अलकैफ ने तीन-तीन तथा रियांश ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी की टीम 18.5 ओवर में 160 रन पर सिमट गई। कुश ने 37, श्रेयांश ने 36 और यश ने 35 रन बनाए। ऋषभ की ओर से माधव और अर्नव ने तीन-तीन विकेट झटके। मैच के बाद क्रिकेट कोच अतहर अली ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को स्पोर्ट्स फॉर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए अंडर-17 वर्ग का ट्रायल मैच आयोजित किया जाएगा।

## राजगुरु का त्याग और बलिदान राष्ट्रभक्ति की अमर प्रेरणा



» संवाददाता

मेरठ। महान स्वतंत्रता सेनानी एवं माँ भारती के सच्चे सपूत शिवराम हरि राजगुरु जी की जयंती के अवसर पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। माननीय कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला जी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर स्थित राजगुरु जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इसके साथ ही परिसर में स्थापित सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके त्याग, तपस्या और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि शिवराम हरि राजगुरु भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन महान क्रांतिकारियों में थे, जिन्होंने देश को स्वतंत्र कराने के लिए अपने जीवन का सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया। उनका जीवन युवाओं में राष्ट्रप्रेम, साहस, संकल्प और त्याग की भावना का संचार करने वाला है। उन्होंने कहा कि राजगुरु जी ने अत्यंत कम आयु में ही यह संकल्प ले लिया था कि भारत माता को पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त कराना ही उनके जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है।

## शॉर्ट सर्किट से ऑफिस में लगी भीषण आग

» संवाददाता

मेरठ। रुड़की रोड स्थित गंगोत्री कॉलोनी में सोमवार सुबह शॉर्ट सर्किट से मकान के नीचे बने ऑफिस में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि ऑफिस की खिड़कियों के शीशे टूट गए और सारा फर्नीचर जलकर राख हो गया। आग में करीब 50 से 60 लाख रुपये का सामान जल गया। गंगोत्री कॉलोनी बी-3 निवासी उपेंद्र गर्ग पुत्र सुरेंद्र कुमार गर्ग का परिवार रहता है। उन्होंने अपने मकान के नीचे ऑफिस बना रखा है। वह शुगर मिलों में स्पेयर पार्ट और मोटर सप्लाई का काम करते हैं। सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे उपेंद्र गर्ग अपनी पत्नी प्रियंका और बेटी शिव्या गर्ग के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर सोए हुए थे। तभी नीचे से धुआं और जलने की बदबू आने लगी। ऊपर की छत से झांककर देखा तो नीचे ऑफिस में भीषण आग लगी हुई थी। आग की लपटों से ऑफिस की खिड़कियों के शीशे टूटकर बिखर गए थे। परिवार ने तुरंत मकान की लाइट काटी और शोर मचाकर पड़ोसियों को जगाया। पड़ोसियों के साथ मिलकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और 112 नंबर व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ऑफिस के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

## कांग्रेसियों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, कोतवाली में दी तहरीर

» संवाददाता

मेरठ। उन्नाव में विधानसभा अध्यक्ष से जुड़े वायरल वीडियो प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने विरोध तेज कर दिया है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा, जबकि महानगर कांग्रेस की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरव भाटी एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात जनता और प्रशासन तक पहुंचा रही है। जिला प्रवक्ता सैय्यद आमिर रजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से भेजा।

इस दौरान योगी जाटव, राकेश कुशवाहा, नसीम सैफी, मोनिंदर सूद बाल्मीकी, अभिमन्यु त्यागी, हाजी शबनूर, केडी शर्मा, पीतांबर सिंह प्रजापति, उमरदराज, एसके शाहरुख, उवैस अंसारी, भूरे मुंडाली रहे। वहीं, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में तहरीर दी गई।

सलीमुद्दीन शाह, कमल जायसवाल, चौधरी शमसुद्दीन, के.डी. शर्मा, तेजपाल डाबका, राजकुमार शर्मा, सरदार वीर सिंह, प्रवीन कुमार, निसार अब्बासी, डॉ. इकबाल अहमद मोहिउद्दीन, सचिन शर्मा, नरेश नेगी रहे।

## झूला महोत्सव में भक्ति रस में झूमे श्रद्धालु

» संवाददाता

मेरठ। दशावतार भगवान परशुराम राधा कृष्ण, खाटू श्याम मंदिर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को झूला महोत्सव मनाया गया। शाम को कीर्तन का शुभारंभ हुआ। संजय रस्तोगी ने ज्योति प्रज्वलित की, कार्तिकेय शर्मा ने लो आ गया खाटू वाला भजन सुनाकर कर बाबा का आह्वान किया। लड्डू गोपाल और राधा रानी को झूला झुलाया गया और माखन मिश्री, खीर और पूरी का भोग लगाया गया। अजय गोयल और सुरेंद्र वर्मा ने भोले बाबा की बारात भजन का गुणगान सुन कर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए।

## नवप्रवेशित विद्यार्थियों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

» संवाददाता

मेरठ। आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित बीटेक एवं एमबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. धीरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें संस्थान में उपलब्ध शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान, कौशल और व्यक्तित्व के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

उप निदेशक डॉ. संगीत वशिष्ठ ने समय प्रबंधन विषय पर प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को समय के महत्व, प्राथमिकताओं के निर्धारण, लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली तथा अध्ययन और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन स्थापित करने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी।

विभागाध्यक्ष डॉ. विख्यात सिंघल ने एमबीए विद्यार्थियों को विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण पद्धति, व्यक्तित्व विकास, प्रबंधन कौशल और करियर निर्माण से जुड़े अवसरों की जानकारी दी। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर अभिषेक वर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, इंडस्ट्री इंटरैक्शन, इंटर्नशिप, कौशल विकास, प्लेसमेंट तैयारी और रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। विभागाध्यक्ष अली अकबर ने विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों एवं विनियमों की जानकारी दी।

## विधायक ने धार्मिक आयोजनों में लिया सामाजिक एकता का संकल्प

» संवाददाता

मेरठ। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत मेरठ कैंट विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। कंकरखेड़ा मंडल के प्राचीन श्री शिव मंदिर में विधायक ने पंडित सुरेश त्रिपाठी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा फल-मिठाई भेंट कर आशीर्वाद लिया। सोफीपुर में आयोजित श्री शिवमहापुराण में पहुंचकर उन्होंने पंडित अरविंद शास्त्री को सम्मानित किया। पटेल नगर मंडल के नेताजी नगर स्थित



प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित कलश यात्रा में भी विधायक अमित अग्रवाल शामिल हुए और सामाजिक एकता व समरसता का संकल्प लिया। इस दौरान पंडित रविशंकर शास्त्री को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गंगानगर मंडल के कसेरु खेड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित कलश यात्रा में भी उन्होंने सहभागिता की। विधायक अमित अग्रवाल ने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन और उनके विचार समानता, भाईचारे, सेवा और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने समाज को ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता एवं एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

उनके आदर्शों को आत्मसात कर समरस और सशक्त समाज का निर्माण करना सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा का 'समरसता संकल्प अभियान' समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का प्रयास है। गुरु रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना तथा उनके आदर्शों के अनुरूप भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रमों में संबंधित मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 'जिनवाणी, गुरु भक्ति और आत्मशुद्धि का महत्व समझाया'

» संवाददाता

मेरठ। आचार्य सौरभ सागर महाराज का सोमवार को दिगंबर जैन मंदिर पंजाबीपुरा से दिगंबर जैन मंदिर, सूर्या पैलेस दिल्ली रोड के लिए विहार हुआ। गुरु भक्ति कर श्रद्धालुओं ने चरण वंदना की। सूर्या पैलेस श्री दिगंबर जैन मंदिर में एक दिवसीय प्रवास के दौरान आचार्य श्री ने जिनवाणी, गुरु भक्ति और आत्मशुद्धि का महत्व समझाया। कहा कि भगवान की पूजा और साधु की पूजा का उद्देश्य समझना आवश्यक है। भगवान की अर्चना की जाती है, जबकि साधु की चर्या का अनुसरण किया जाता है। सोलह कारण भावनाओं में अरहंत भक्ति, साधु भक्ति, बहुश्रुत भक्ति, जिनवाणी भक्ति और प्रवचन भक्ति का उल्लेख है।

# हुड्डा ने जेल जाने के डर से हरियाणा में भाजपा की बनवाई सरकार, विपक्ष की भूमिका निभाने की बजाए भाजपा का साथ दे रही कांग्रेस

» एजेंसी। रोहतक

इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर आरोप लगाया कि हुड्डा ने जेल जाने के डर से हरियाणा में भाजपा की सरकार बनवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभाने की बजाए कांग्रेस भाजपा का साथ दे रही है और अब यह बात प्रदेश की जनता भी पूरी तरह से समझ गई है। शनिवार को इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला लाखनमाजरा व कलानौर में आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने 27 सितंबर को नूंह में होने वाली ताऊदेवीला की 113वीं जयंती के अवसर पर रैली का भी ग्रामीणों को निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह रैली प्रदेश की राजनीति में नई दिशा तय करने का काम करेगी। साथ ही उन्होंने इनेलो कार्यकर्त्ताओं से संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क करने का आह्वान भी किया। बाद में



पत्रकारों से बातचीत करते इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने कांग्रेस व भाजपा दोनो को निशाने पर लेते हुए कहा कि हरियाणा में एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं और सरकार के कामकाज को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं लेकिन कांग्रेस ने विपक्ष की भूमिका कहां निभाई, यह उसे प्रदेश की जनता को बताना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सरकार की गलत नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना होता है लेकिन कांग्रेस ने ऐसा करने की बजाय भाजपा का साथ देने का काम किया। कांग्रेस के नेता सरकार को घेरने के बड़े-बड़े दावे करते हैं लेकिन जब वास्तव में सरकार के खिलाफ मजबूती से खड़े होने का समय आता है तो उनका रवैया अलग दिखाई देता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यही कारण है कि प्रदेश में कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही है। इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने राज्यसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा की जनता ने उस समय भी सब कुछ अपनी आंखों से देखा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग किए जाने से कांग्रेस के भीतर की स्थिति सामने आ गई।

उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस के कुछ नेता किसके हित में काम कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस को मजबूत करने की बजाय उसे कमजोर किया है। अभय चौटाला ने आरोप लगाया कि हुड्डा की राजनीति का फायदा सीधे तौर पर भाजपा को पहुंच रहा है और प्रदेश में कांग्रेस की कमजोर स्थिति के लिए भी वे जिम्मेदार हैं। साथ ही उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि हरियाणा में भाजपा पूरी तरह से फेल हो चुकी है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी तरीके से रोक नहीं लग पा रही।



## समूहगान, फैंसी ड्रेस व भाषण प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने जीता सबका दिल

» एजेंसी। गुरुग्राम

सुरुचि परिवार के तत्वावधान में रविवार को रेड रोजेज पब्लिक स्कूल के सभागार में पिछले 29 वर्षों की परंपरा को निभाते हुए देशभक्ति समूहगान, फैंसी ड्रेस एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 20 विद्यालयों के लगभग 220 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लू बेल्स स्कूल समूह की निदेशक डॉ. सुमन गुलाटी ने की, जबकि रेड रोजेज स्कूल की निदेशक प्राचार्य ऋतु वेदी स्वागताध्यक्ष के रूप में मौजूद रहीं। इस दौरान संस्थ के अध्यक्ष डॉ. धनीराम अग्रवाल की पुस्तक आत्म-कथ्य का मंचासीन अतिथियों द्वारा लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मदन साहनी ने किया। अशरफी देवी मूलचंद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित और प्रख्यात उद्योगपति शरद गोयल के सौजन्य से पिछले 25 वर्षों से आयोजित हो रही देशभक्ति समूहगान प्रतियोगिता में नगर के 16 विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया।

## एसपीसी क्लास में छात्राओं को सरकार और गणतंत्र की जानकारी दी

» एजेंसी। नूंह

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह में सोमवार को स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत जागरूकता क्लास लगाई गई। सिपाही प्रदीप कुमार ने 30 छात्राओं को केंद्र और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली समझाई। साथ ही गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया। क्लास के दौरान छात्राओं को बताया गया कि केंद्र और राज्य सरकारें किस तरह काम करती हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी क्या भूमिका है। छात्राओं को देश के नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में भी जानकारी दी गई। सिपाही प्रदीप कुमार ने स्वतंत्रता संग्राम में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी।

## कॉमिक बुक बनाएगी विद्यार्थियों को साइबर एंबेसडर

» एजेंसी। गुरुग्राम

युवा नागरिकों में साइबर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को गुरुग्राम में एक साइबर जागरुकता कॉमिक बुक लांच की गई। इस पहल का लक्ष्य विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी, अपराधियों के तरीकों और सुरक्षित अंकीय आचरण की जानकारी सरल व रोचक तरीके से देना है।

# भाजपा एक विचार, संस्कार व राष्ट्रसेवा को समर्पित विशाल कार्यकर्ता परिवार है: अजय

» एजेंसी। गुरुग्राम

भाजपा हरियाणा एससी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय खुंडिया का रविवार को गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अजय खुंडिया के आगमन पर जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी तथा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर भांगरौला ने एससी मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय खुंडिया को नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में अजय खुंडिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और राष्ट्रसेवा को समर्पित एक विशाल कार्यकर्ता परिवार है। पार्टी ने सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोडने और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को साकार करने का कार्य किया है।



अजय खुंडिया ने कहा कि एस.सी. मोर्चा की जिम्मेदारी मिलने के बाद हमारा प्रयास रहेगा कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत किया जाए। अनुसूचित समाज के प्रत्येक वर्ग तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाया जाए। समाज के लोगों को संगठन से जोडना और उनके हितों के लिए निरंतर कार्य करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। अजय खुंडिया ने कहा कि संगठन की शक्ति हमारे समर्पित कार्यकर्ता हैं। हम सभी को आपसी समन्वय, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं हमारी ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में विकसित भारत और विकसित हरियाणा के संकल्प को आगे बढ़ाना है। एस.सी. मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अजय खुंडिया ने कहा कि भाजपा गुरुग्राम जिला कार्यालय पर स्वागत व सम्मान के लिए वे जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, एस.सी. मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मबीर भांगरौला सहित समस्त जिला पदाधिकारियों, मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

## 8.03 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर काबू

» एजेंसी। कैथल

एंटी नारकोटिक सेल कैथल ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 8.03 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर ढांड की तरफ से नशीला पदार्थ लेकर आ रहा है, जो कैथल में किसी व्यक्ति को नशीला पदार्थ देने के लिए जाएगा। पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर नाकाबंदी करके संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू की गई। कुछ देर बाद ढांड की तरफ से मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चालक को रुकने का इशारा किया गया तो उसने मोटरसाइकिल वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने काबू कर लिया। जिसकी पहचान भैंसी माजरा जिला कुरुक्षेत्र निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ढांड अमित माथुर के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में जेब से एक पन्नी से 8.03 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई।

# सफाईकर्मियों की मांगें नहीं मान रही सरकार, कर सकते हैं अनिश्चितकालीन हड़ताल

» एजेंसी। गुरुग्राम

हरियाणा के नगर निगम, पालिका और फायर विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को 18वें दिन भी पुराने नगर निगम कार्यालय में जारी रही। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई के वरिष्ठ उप प्रधान सम्मी बोहत और फायर के जिला प्रधान साहुन खान ने की। जबकि संचालन सचिव धर्मेंद्र जिंगाला ने किया।

कर्मचारी नेताओं ने ऐलान किया है कि सोमवार 24 अगस्त को सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी का पुतला दहन करेंगे। हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य उप-प्रधान बसंत कुमार, फायर के जिला उप प्रधान जोगिंदर और पूर्व जिला प्रधान राजेश कुमार ने सरकार को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जब तक हरियाणा सरकार 13 मई को माने गए फैसले के अनुसार पे-रोल के 1175 फायरमैन और पालिका, परिषद, निगमों के 13,000 पालिका रोल के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने व अन्य मांगों के पत्र जारी नहीं करती, तब तक हड़ताल पूरे प्रदेश में जारी रहेगी।

वरिष्ठ उप प्रधान सम्मी बोहत, कोषाध्यक्ष भारत कांगड़ा और फायर के जिला सचिव सुनील कुमार ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने एक भी सीवर व सफाई कर्मचारी की पक्की भर्ती नहीं की है। सफाई कार्य को ठेके पर देकर वाल्मीकि समाज के गरीब कर्मचारियों को ठेकेदारों का गुलाम बनाया जा रहा है।

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि 13 मई को हुए समझौते में 17 मांगों पर सहमति बनी थी, जिसमें सफाई कर्मी, सीवर कर्मचारी, माली, बेलदार, इलेक्ट्रिशियन, हेल्पर, क्लर्क, फायर ड्राइवर और फायरमैन को 30 जून तक पक्का करने की बात कही गई थी। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार बार-बार मीटिंग बुलाकर गुमराह कर रही है और केवल आश्वासन दे रही है, आदेश जारी नहीं कर रही। उन्होंने चेतावनी दी कि शहर में हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

## उपायुक्त ने अनाज मंडी का निरीक्षण किया

» एजेंसी। नूंह

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 29 अगस्त को प्रस्तावित नूंह दौरे को देखते हुए उपायुक्त अखिल पिलानी ने सोमवार को अनाज मंडी का निरीक्षण कर कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि 29 अगस्त को नई अनाज मंडी नूंह में नव नियुक्त प्राथमिक अध्यापकों के लिए अभिमुखीकरण एवं नियुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित कर दी गई हैं तथा संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा भी की जा चुकी है। अब तक 1159 नव नियुक्त प्राथमिक अध्यापक अपनी नियुक्ति ग्रहण कर चुके हैं, जबकि शेष पात्र अभ्यर्थियों के लिए भी प्रक्रिया जारी है।

## पदकों की दौड़ में सबसे आगे रहीं शिव नादर स्कूल के तैराक

» एजेंसी। गुरुग्राम

सेक्टर-46 स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को अंतर-विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों की बालिका तैराकों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने अंडर-8, अंडर-10, अंडर-12 और अंडर-14 आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा की।

प्रतियोगिता में बटरफ्लाई, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, फ्री स्टाइल और इंडिविजुअल मेडले स्पर्धाएं शामिल थीं। इंडिविजुअल मेडले के अंडर-8 वर्ग में शालोम प्रेसीडेंसी की सायरा चतुर्वेदी ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-10 में सेंट जेवियर्स-49 की केजिया सतीजा और अंडर-12 में मितक्षी सिन्हा प्रथम रहीं। अंडर-14 में शिव नादर स्कूल की साणा वडेरा ने स्वर्ण पदक जीता। 50 मीटर बटरफ्लाई के अंडर-8 वर्ग में शिव नादर की नैना सोमापई विजेता बनीं। बैक स्ट्रोक अंडर-14 में डीपीएस इंटरनेशनल की मिरया ने पहला स्थान प्राप्त किया। ब्रेस्ट स्ट्रोक अंडर-10 में सेंट जेवियर्स की केजिया सतीजा और फ्री स्टाइल अंडर-8 में विबग्योर की नूरवी ने बाजी मारी।

रिले स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-8 की 4X25 मीटर रिले में शिव नादर स्कूल की टीम प्रथम रही। अंडर-10 और अंडर-12 की रिले स्पर्धाओं में भी शिव नादर की टीमों ने जीत हासिल की। वहीं, अंडर-14 में डीपीएस इंटरनेशनल की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय: म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक: रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844